an>

Title: Need to provide funds for projects under Calamity Relief Fund (CRF) in Jammu, Poonch and Rajouri in J & K.

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): माननीय सभापति जी, धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूँ ।... (व्यवधान) सभापति महोदय जी, सी.आर.एफ. के माध्यम से जो काम तेज गति से चल रहा था, वह काम फंड्स की कमी से मंद गति से चल रहा है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण रोजाना कोई न कोई घटना घटित होती रहती है ।... (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप वही पढिए, जो आपने दिया है ।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही बारह बजकर तीस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है ।

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र की ओर ले जाना चाहता हूं । ... (व्यवधान) सभापति महोदय जी, सीआरएफ के माध्यम से जो काम तेज गति से चल रहा था, वह काम फंड्स की कमी से मंद गति से चल रहा है, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण रोजाना कोई न कोई घटना घटित होती रहती है ।... (व्यवधान)

अत: आपके माध्यम से मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि कृपया जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे जिलो में चल रहे सीआरएफ के प्रोजेक्ट्स के लिए तुरंत फण्ड से राशि जारी की जाए, ताकि मंद गति से चल रहे और रुके हुए काम तेज गति से चलें और समय से ये प्रोजेक्ट्स पूरे हों । धन्यवाद । ... (व्यवधान)

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, कृपया आप लोग अपनी सीट्स पर वापस जाइए । अपने विषय उठाइए, क्योंकि सदन इसी के लिए है । यह आपका सदन है । Please go back to your seats. Please.

… (*Interruptions*)

माननीय सभापति : नियम 377 के अधीन सब्मिशन्स चल रहे हैं, आप लोग भी इसमें भागीदारी करें ।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

<u>12.32 hrs</u>

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.

<u>14.01 hrs</u>

The Lok Sabha reassembled at Two Minutes past

Fourteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

<u>14.01 ½ hrs</u>

At this stage, Sushri Mahua Moitra, Dr. T. Sumathy (A)Thamizhachi Thangapandian, Shri Gurjeet Singh Aujla and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

…(व्यवधान)